न्यायालय उपखण्ड अधिकारी हमीरगढ
पीठासीन अधिकारी श्री अजीत सिंह राठौड (आर.ए.एस)

प्रकरण संख्या 49/2023

उनवान

1. श्री ओमप्रकाश पिता रामपाल महाजन नि0 बडे मन्दिर के पास रावला चौक हमीरगढ तह. हमीरगढ।

--प्रार्थी

बनाम

1. श्री सत्यप्रकाश पिता कन्हैयालाल नि0 हमीरगढ तह0 हमीगरढ।
2. श्री जगदीश पिता कन्हैयालाल नि0 हमीरगढ तह0 हमीगरढ।
3. श्री देवीलाल पिता राधेश्याम नि0 हमीरगढ तह0 हमीगरढ।
4. श्री प्रमोद पिता ओमप्रकाश नि0 हमीरगढ तह0 हमीगरढ।
5. श्री रामप्रसाद पिता हगामीलाल नि0 हमीरगढ तह0 हमीगरढ।
6. श्रीमती गीतादेवी पत्नि रामपाल नि0 हमीरगढ तह0 हमीगरढ।
7. सत्यनारायण पिता शान्तिलाल नाई नि0 हमीरगढ तह0 हमीगरढ।
8. श्री मुकेश पिता शान्तिलाल नाई नि0 हमीरगढ तह0 हमीगरढ।
9. श्री भगवतीलाल पिता शान्तिलाल नाई नि0 हमीरगढ तह0 हमीगरढ।
10. श्री कालु पिता शान्तिलाल नाई नि0 हमीरगढ तह0 हमीगरढ।
11. श्री कालु पिता जमना माली नि0 हमीरगढ तह0 हमीगरढ।
12. श्री देवकरण पिता जगना माली नि0 हमीरगढ तह0 हमीगरढ।
13 राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज)

---अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956

निर्णय दिनांक 12.05.2023

प्रार्थी की ओर से एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान भूॅ–राजस्व अधिनियम 1956 के तहत इस कार्यालय में दिनांक 06.04.2023 को प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि ग्राम हमीरगढ प.ह. हमीरगढ भू0अ0नि0 हमीरगढ तह. हमीरगढ जिला भीलवाडा में उसके खाते की कृषि भूमि की खाता संख्या 1851 की आ.न. 2255 रकबा 0.1138है0, आ.न. 2256 रकबा 0.1012है0 आ.न. 2257 रकबा 0.5058है0, आ.न. 2259 रकबा 0.0253है0, आ.न. 2260 रकबा 0.0379है0, आ.न. 2261 रकबा 0.0506है0, आ.न. 2262 रकबा 0.1391है0, आ.न. 2263 रकबा 0.0253है0, आ.न. 2264 रकबा 0.0126है0, आ.न. 2266 रकबा 0.1897है0, आ.न. 2267 रकबा 0.0253है0, आ.न. 2268 रकबा 0.0379है0 कुल किता 12 कुल रकबा 1.2645है0 भूमि स्थित है। वादग्रस्त भूमि के विपक्षीगण पडोसी है प्रार्थी एव विपक्षीगण के मध्य प्रश्नगत आराजी के सीमा चिन्ह नही होने से आये दिन सीमा सबधी विवाद उत्पन्न होता रहा है। इसलिए प्रार्थी अपने खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराना चाहता है। आवेदन स्वीकार किया जाकर पत्थरगढी के आदेश प्रदान कराया जावे।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र इस न्यायालय मे दिनाक 06.04.2023 को पंजीवद्ध किया गया। प्रार्थी के अधिवक्ता उपस्थित । विपक्षी संख्या 01 से 12 वावजूद विधिवत प्रकियानुसार सुनवाई का अवसर देने के उपरान्त उपस्थित नही है। अतः न्यायहित मे एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाती है। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी/प्रार्थी अधिवक्ता को सुना गया।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी/प्रार्थी अधिवक्ता को सुना गया। प्रस्तुत वहस पर मनन किया गया तथा पत्रावली में उपलब्ध रेकार्ड का ध्यापपूर्वक अवलोकन किया गया। प्रकरण के अवलोकन से यह तथ्य है कि प्रार्थी स्वय के खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराने का अधिकारी है। वैसे भी इस प्रकार के आदेश से अधिकार अभिलेख में किसी प्रकार के हेराफेरी होने का कोई अंदेशा नही है तथा न ही किसी प्रकार अधिकार/स्वत्व निर्धारित किये जाते है। अतः इन तथ्यो को देखते हुए नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्त के आधार पर आवेदन प्रार्थी स्वीकार योग्य है।

–::आदेश::–

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार हमीरगढ को आदेश दिये जाते है कि ग्राम हमीरगढ प.ह. हमीरगढ भू0अ0नि0 हमीरगढ तह. हमीरगढ जिला भीलवाडा में उसके खाते की कृषि भूमि की खाता संख्या 1851 की आ.न. 2255 रकबा 0.1138है0, आ.न. 2256 रकबा 0.1012है0 आ.न. 2257 रकबा 0.5058है0, आ.न. 2259 रकबा 0.0253है0, आ.न. 2260 रकबा 0.0379है0, आ.न. 2261 रकबा 0.0506है0, आ.न. 2262 रकबा 0.1391है0, आ.न. 2263 रकबा 0.0253है0, आ.न. 2264 रकबा 0.0126है0, आ.न. 2266 रकबा 0.1897है0, आ.न. 2267 रकबा 0.0253है0, आ.न.

2268 रकबा 0.0379है0 कुल किता 12 कुल रकबा 1.2645है0 भूमि स्थित है। जिसकी पत्थरगढी राजस्थान लैण्ड रेकार्ड नियम 1956 के प्रावधानो में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार की जावे तथा नियमानुसार निर्धारित शुल्क 500/–पक्षकार प्रार्थी राजकोष में जमा कराये, साथ ही कमिश्नर फीस 500/–रू0 की नियमानुसार अदायगी प्रार्थी पक्षकार निर्धारित कमिश्नर को भुगतान करें।

आदेश आज दिनांक 12.05.2023 को खुले न्यायालय में सुनाया जाकर लिखा गया। प्रकरण फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर रहे।

(अजीत सिंह राठौड)
उपखण्ड अधिकारी
हमीरगढ